- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...




02 मुजफ्फरपुर में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में पांच की मौत, पांच की हालत नाजुक

04 चुनाव को लेकर भारत-नेपाल के उच्चधिकारियों ने की बैठक



# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं






● पटना, गुरुवार, 14 मार्च 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 15


## चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने 72 और उम्मीदवार बुधवार को घोषित कर दिये। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने गत सोमवार की रात हुई बैठक में इन नामों को स्वीकृति दी थी। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां यह सूची जारी की। इस सूची में 10 राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश की 72 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें 15 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को महाराष्ट्र के नागपुर से, प्रल्हाद जोशी को कर्नाटक के धारवाड़ से, पीयूष गोयल को मुंबई उत्तर से, अनुराग सिंह ठाकुर को हमीरपुर हिमाचल प्रदेश से, राव इंद्रजीत सिंह को गुरुग्राम (हरियाणा) से, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को करनाल से तथा भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को गढ़वाल से टिकट दिया गया है।

## 103 लाख से संवरेंगे तीन मंदिर: अनुराग

**नयी दिल्ली/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को बताया कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के हरिपुर में तीन मंदिरों के मरम्मत और संरक्षण कार्यों को 103 लाख की राशि के साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की मंजूरी मिल गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांगड़ा जलिे के हरिपुर में तीन मंदिरों के मरम्मत और संरक्षण कार्यों को 103 लाख की राशि के साथ एएसआई की स्वीकृति मिली है। दो दिन पूर्व ही देहरा विधानसभा प्रवास के दौरान मैंने आम जनसभा में इसे लेकर बात भी की थी।

# तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'इंडियाज टेकेड: चिप्स फॉर विकसित भारत' में सम्मिलित हुये और लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया।



श्री मोदी ने इस अवसर पर देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक है। आज हम इतिहास भी रच रहे हैं और उज्वल भविष्य की तरफ एक बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। आज सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े करीब सवा लाख करोड़ रुपये के तीन बड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ है। गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में सेमीकंडक्टर फैसिलिटी हो, ये भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का एक बड़ा ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगी।

उन्होंने कहा, "मैं सभी देशवासियों को इस महत्वपूर्ण पहल, एक महत्वपूर्ण शुरुआत एक मजबूत कदम के लिये इस आयोजन को लेकर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज इस कार्यक्रम में ताईवान के हमारे साथी भी वर्चुअल रूप से शामिल हुये हैं। मैं भी भारत के इन प्रयासों से काफी उत्साहित हूं। इस अभूतपूर्व अवसर पर हमारे साथ देश के 60 हजार से ज्यादा कॉलेज, यूनिवर्सिटी और एजुकेशनल इंस्टीट्यूट भी जुड़े हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड ही है।"

प्रधानमंत्री ने कहा, " मैंने मंत्रालय से विशेष आग्रह किया था कि आज का यह कार्यक्रम देश के नौजवानों के सपनों का कार्यक्रम है। इसलिये ज्यादा से ज्यादा संख्या में आज इस कार्यक्रम में हमारे युवाओं को जोड़ना चाहिये।

## 15 तक पेटीएम के फास्टैग का विकल्प खरीदने की सलाह

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर पेटीएम का फास्टैग इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों को निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 15 तक किसी अन्य बैंक से जारी फास्टैग खरीदने की सलाह दी है। एनएचएआई ने कहा है कि टोल प्लाजा पर भुगतान की असुविधा से बचने के लिए पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 15 मार्च से पहले अन्य बैंक के फास्टैग का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय दंड या किसी दोहरे शुल्क से बचने में मदद मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता 15 मार्च के बाद शेष राशि को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं कर पाएंगे।

# देशहित में नहीं है सीएए : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप)के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने का विरोध करते हुए बुधवार को कहा कि यह कानून देश हित में नहीं है।



श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाताओं से कहा," मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार ने देश में सीएए लागू करने की अधिसूचना जारी की। देश पर 10 वर्ष राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इन लोगों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर 10 वर्ष में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने कामों पर देश की जनता से वोट मांग रहे होते। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी की है। देश में इतनी ज्यादा महंगाई हो गई है कि हर किसी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। पूरे देश में कमरतोड़ महंगाई हो गई है। उधर हमारे देश के युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनके ऊपर डंडे और लाठियां बरसाई जा रही हैं। ऐसे में केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी का समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही है तो यह बड़े ही दुख की बात है।"

उन्होंने कहा, "केंद्र की भाजपा सरकार का कहना है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहें तो उनको भारत की नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीनों देशों से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को भारत में लाया जाएगा। उनको भारत में बसाया जाएगा, उनको रोजगार और घर दिए जाएंगे। यह कितनी अजीब बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार को हमारे बच्चों को रोजगार नहीं दिए जा रहे हैं और वह पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों को लाकर उनके बच्चों को रोजगार देना चाहती हैं। हमारे लोगों के पास तो घर नहीं हैं, भारत के ढेरों लोग बेघर हैं, लेकिन भाजपा के लोग पाकिस्तान से ढेरों लोगों को भारत में बसाकर उनको घर देना चाहते हैं।"

## एनसीसी में तीन लाख कैडेटों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए तीन लाख कैडेट रिक्तियों को भरने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब कैडेटों की स्वीकृत संख्या 20 लाख हो जायेगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बना देगी। वर्ष 1948 में केवल 20,000 कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किए जाने के साथ, एनसीसी का यह विस्तार देश के भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। इस विस्तार से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों का आनुपातिक वितरण होगा और एनसीसी के इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। इस विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना शामिल है। इस विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे उनके कौशल और लंबे अनुभव का लाभ उठाया जा सके। इस पहल से एनसीसी कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित हो सकेगा और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह विस्तार अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना से ओतप्रोत मार्गदर्शक तैयार करने के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनसीसी का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां युवा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दें। यह पहल 'अमृतपीढ़ी' के प्रेरित, अनुशासित और देशभक्त युवाओं के आधार का विस्तार करेगी जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देंगे।

**सियासत** | दिल्ली में किसान महापंचायत आज

# उत्तर प्रदेश के बॉर्डरों पर जारी हुआ अलर्ट

**नईदिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) की गुरुवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'किसान-मजदूर महापंचायत' है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत तमाम राज्यों से किसान दिल्ली पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस अलर्ट है। नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस फोर्स तैनात है। यहां धारा-144 लगाई गई है।

वहीं, मेरठ में बुधवार आधी रात को किसानों के घर पुलिस ने डेरा डाला। कन्नौज में भाकियू जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) कुसुम चौहान को दिल्ली जाते समय नजरबंद किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भी किसानों से दिल्ली में जुटने का आह्वान किया है।

कन्नौज में किसान नेता नजरबंद

यह तस्वीर कन्नौज की है। भाकियू जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) कुसुम चौहान को उनके पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली जाते समय नजरबंद किया गया है।

पश्चिमी यूपी के किसान काशी टोल प्लाजा पर एकजुट होंगे। यहां से ट्रेक्टर और निजी वाहनों, बसों से दिल्ली कूच करेंगे। वहीं, काफी संख्या में उत्तराखंड व आसपास के राज्यों के किसान ट्रेन से भी रामलीला मैदान पहुंचेंगे। किसान महापंचायत के लिए पिछले 8 दिनों से भाकियू सहित अन्य किसान संगठनों के नेता और पदाधिकारी बैठकें कर रहे हैं। लगातार जिलों, गांवों में बैठकें हो रही थी। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और वरिष्ठ नेता युद्धवीर सिंह समेत ज्यादातर किसान संगठनों के पदाधिकारी बुधवार रात को रामलीला मैदान पहुंचे। यहां महापंचायत की तैयारियों का जायजा लिया।

### आंदोलन की रणनीति की घोषणा होगी: राकेश टिकैत

राकेश टिकैत ने कहा,"ये महापंचायत मोदी सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक, सांप्रदायिक, तानाशाही नीतियों के खिलाफ लड़ाई को तेज करेगी। साथ ही खेती, खाद्य सुरक्षा, आजीविका और लोगों को कॉर्पोरेट लूट से बचाने के लिए संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। महापंचायत में पुरानी मांगों को लेकर चल रहे संघर्ष को और तेज करने की योजना की घोषणा की जाएगी।

तीसरी आंख



MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# रोजगार आधारित जनकल्याण पोर्टल का शुभारंभ

**कटिहार।** बुधवार को जिला निबंधन-सह-परामर्श केन्द्र, कटिहार के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम, पी.एम. सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण पोर्टल का शुभारंभ किया गया।

उक्त अवसर पर सु-राज पोर्टल के माध्यम से मुख्य रूप से तीन तरह के योजनाओं जिसमें मुद्रा लोन के तहत ऋण स्वीकृत लाभुकों को चेक प्रदान किया गया, वहीं कार्याक्रम में सीवेज/सेप्टिक टैंक कामगारों के मध्य नमस्ते योजना से आयुष्मान हेल्थ कार्ड का वितरण को किया गया साथ ही सीवेज/सेप्टिक टैंक




सफाईकर्मी के मध्य पीपीई किट का वितरण किया गया। मुद्रा लोन प्राप्त करने वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीन राष्ट्रीय निगमों की ऋण सहायता योजना के तहत लगभग 660 करोड़ रुपए की कुल परिव्यय के साथ एक लाख (अनु०जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सफाई कर्मी) से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया गया।

नमस्ते योजना के तहत आयुष्मान स्वास्थ्य कार्डों के वितरण के साथ-साथ एक सुनिश्चित वातावरण के निर्माण को सुनिश्चित करके देश भर में एक लाख सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्ड वितरण किया गया।

किसी भी श्रमिक वर्ग के लिए बुनियादी आवश्यकता के रूप में काम करने के लिए सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के लिए स्वच्छता के मशीनीकृत मॉडल को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी सफाई कर्मियों को पीपीई किट प्रदान की गई।

सामाजिक न्याय और आधारित विभाग को शैक्षणिक आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के साथ-साथ समाज के सामाजिक रूप से वंचित और हाशिये पर रहने वाले लोगों के वर्गों के लोगों को पुनर्वास के लिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ हाइब्रिड मोड, में एक राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाभों को डमी चेक के माध्यम से सहायता प्रदान की गई।

## कांग्रेस की पहचान परिवारवाद : नित्यानंद

समस्तीपुर। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की पहचान तुष्टिकरण एवं परिवारवाद की राजनीति करना है। श्री राय बुधवार को समस्तीपुर नगर भवन में आयोजित ₹पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल₹ के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार पर एक भी भ्रष्टाचार या घोटाले का आरोप नहीं लगा है। जबकि कांग्रेस पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के लिए ही जानी जाती थी। कांग्रेस गठबंधन के शासनकाल मे लाखों- करोड़ों का घोटाला होता था और गरीबों की हकमारी होती थी।

## भागलपुर में डूबने से चार बच्चे की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में आज दीन नदी में स्नान करने के क्रम में डूबने से दो सगे भाई सहित चार बच्चों की मौत हो गई। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बुधवार को यहां बताया कि जगदीशपुर क्षेत्र के पुरैनी गांव के पास दीप नदी में तीन बच्चे स्नान कर रहे थे और अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। नदी किनारे खड़े उसके दोस्त ने तीनों को बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। इस दौरान चारो बच्चों के गहरे पानी में जाने से डूब गए । बाद में ग्रामीणों ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से बचाव कार्य चलाकर तीन बच्चों को मृत अवस्था में बाहर निकाला। जबकि अन्य एक बच्चे ने पानी से बाहर निकलने के बाद दम तोड़ दिया।

# दो करोड़ रुपये के चरस के साथ गिरफ्तार

बेतिया। पश्चिम चंपारण ज़िला मे स्थित शिकारपुर थाना पुलिस ने मंगलवार की रात्रि में हरदिया चौक नहर के समीप से 10 किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चरस तस्कर की पहचान ज़िला स्थित रामनगर थाना के बरगजवा गांव निवासी मो सगीर के रूप में हुई है। जब्त चरस की अंतराष्ट्रीय कीमत लगभग दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान हरदिया चौक नगर के समीप पुलिस गाड़ी देखते ही तस्कर नहर के रास्ते भागने लगा। पुलिस को शंका होने पर उसे खदेड़कर पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली के बेगमपुर थाना के रोहिणी सेक्टर 22 में रहता है। नेपाल से चरस की खरीददारी कर वह दिल्ली में अन्य तस्करों को चरस बेचता है। उन्होंने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के नाम का भी खुलासा किया है ।हालांकि एसडीपीओ ने अन्य तस्करों के नामों के खुलासे से परहेज करते हुए बताया कि चरस के धंधे में शामिल अन्य तस्करों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिहार में AIMIM की दस्तक से बिगड़ा इंडी का गेम

**पटना।** बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के तेवर में पार्टी का विस्तार शामिल हो चुका हैं। कभी एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली एआईएमआईएम ने इस बार लोकसभा चुनाव की घोषणा का इंतजार किए बगैर राज्य के 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा प्रकट कर दी है। हालांकि, वर्ष 2020 के विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन के बाद ही ओवैसी ने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के विस्तार का संकेत दे दिया था। तभी सीमांचल उनके टारगेट में आ गया था। कभी एक लोकसभा सीट किशनगंज से चुनाव लड़ने वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य के 11 लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ये सीटें हैं- किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णिया, दरभंगा, भागलपुर, काराकाट, बक्सर, गया, मुजफरपुर और उजियारपुर।

# मुजफ्फरपुर में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में पांच की मौत, पांच की हालत नाजुक

**पटना/मुजफ्फरपुर।** राज्य के मुजफ्फरपुर में चंपारण से बारात लेकर लौट रही बोलेरो और ट्रक की टक्कर में घटनास्थल पर चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई। घटना 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना जिले के रामपुर हरि थाना के समीप की है। एएसपी पूर्वी सहियार अख्तर ने हादसे की पुष्टि की है। साथ ही बताया कि बारात वाली गाड़ी के ट्रक से टकराने से घटना हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। पीड़ित परिजनों को इसकी सूचना दी गई है । दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। बुधवार सुबह यह घटना घटी।

एएसपी ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र में आज सुबह पूर्वी चंपारण के चकिया से एक बारात में शिरकत करने के बाद एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर ये लोग घर लौट रहे थे। इस बीच ट्रक के साथ बोलेरो की टक्कर हो गई है और पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## पद्मश्री कपिलदेव के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश ने पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा कि पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद को वर्ष 2023 में बावन बूटी कला के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। नीतीश ने कहा कि बावन बूटी मूलतः एक तरह की बुनकर कला है। वे नालन्दा जिले के बसवन बीघा गांव के निवासी थे। उनके निधन से बावन बूटी कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पिकअप पलटी, चार की मौत, 26 श्रद्धालु घायल

**सासाराम/पटना।** बिहार के रोहतास जिले में चेनारी थाना के उगहनी आउट पोस्ट (ओपी) क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध गुप्तेश्वर धाम जाने के क्रम में गायघाट के पास आज एक पिकअप वैन के पलट जाने से चार महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा 26 अन्य घायल हो गए। सासाराम सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन ने बुधवार को बताया कि भोजपुर, बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया की महिला, वृद्ध और बच्चे समेत 30 श्रद्धालु एक पिकअप गाड़ी पर सवार होकर गुप्तेश्वर धाम मंदिर पूजा करने जा रहे थे। पहाड़ी पर गुफा के अंदर अवस्थित इस शिव मंदिर में जाने के दौरान गायघाट के पास तीखे मोड़ पर ऊंचाई से वाहन फिसल गया और पलट गया।

# ‘मेरा पहला वोट’ देश के लिए जागरूकता कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

मोतिहारी। ‘मेरा पहला वोट, देश के लिए’ जागरूकता कार्यक्रम का मोतिहारी स्थित एमएस कॉलेज से शुभारंभ किया गया। पहली बार मतदाता बने युवा वोटर्स को मतदान प्रक्रिया में सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए। एमएस कॉलेज के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के बीच जिला स्वीप कोषांग के द्वारा मतदान जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकरी-सह- जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी सहित कॉलेज के



प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे। यहाँ पर छात्रों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधि के चुनाव का महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार है। मतदाता का एक-एक मत कीमती है। जिलाधिकारी ने कहा पहली बार मतदाता बने युवाओं को गर्व करनी चाएऐि कि उन्हें भी मताधिकार प्राप्त हो गया है। जिलाधिकारी ने सभी से मतदान प्रक्रिया में जोर-सोर से हिस्सा लेने, अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने परिवार के अन्य सदस्यों, संगी-साथियों एवं आस-पास के लोगों को मताधिकार की जानकारी देने और मतदान के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करने का अहवान किया।

जिलाधिकारी ने कहा अभी भी जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वे लोग प्रपत्र 06 भरकर बीएलओ अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्प लाईन ऐप के माध्यम से नाम जुड़वा ले। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष हो रही है वे सभी लोग अपना-अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाकर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लें। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोंगों को मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर शपथ दिलायी गयी।

भारत निर्वाचन आयोग का युवाओं के लिए संदेश' मेरा पहला वोट देश के लिए' का अनावारण किया गया। यहाँ पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने खुद ही हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इसमें सभी वरीय पदाधिकारी, प्रध्यापक एवं बच्चों ने भाग लिया। कॉलेज परिसर में हीं सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जहाँ सभी लोगों ने सेल्फी ली।

## न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर विस्फोट से एक की मौत

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद हुए विस्फोट से आज एक वकील की मौत हो गई तथा कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में गेट नंबर एक के नजदीक लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद उसमें विस्फोट हुआ, जिससे आग चारों ओर फैल गई और उस आग में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद जो नोटरी का काम करते थे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मौके पर ही काम कर रहे एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

## जांच करने का निर्देश मिलने के दो सप्ताह बाद नही हुई डीलेबरी बॉय के खिलाफ जांच

**मोतिहारी।** जिले के रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के आदापुर प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित बिहार राज्य खाद्य निगम गोदाम के डिलेवरी बॉय राजकिशोर यादव पर पीडीएस दुकानदारों से खाद्यान्न कटौती व गोदाम में गड़बड़ी करने का आरोप लगाकर तीन पीडीएस दुकानदारों ने डीएम व एसडीओ को आवेदन देने के एक महीने बाद अधिकारियों ने जांच कर करवाई नही की है। इससे पीड़ित डीलरो में आक्रोश व्याप्त है। लक्ष्मीपुर पोखरिया पंचायत के डीलर अजय राम, कविता देवी व विनोद प्रसाद आदि ने डिलेवरी बॉय के उक्त अनियमितता के खिलाफ उक्त अधिकारी को फरवरी महीने में आवेदन दिया गया था। उक्त आवेदन को डीएम ने सम्बन्धित विभाग के बिहार खाद्य निगम के जिला प्रबंधक (डिस्ट्रिक मैनेजर ) जितेन्द्र कुमार व एसडीओ ने आपूर्ति पदाधिकारी विक्रम कुमार को 28 फरवरी को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया था। लेकिन जांच अधिकारी दो सप्ताह बाद मामले की जांच में देरी करने से उक्त अधिकारी पर अंगुली उठने लगा है। डीलर अजय राम ने बताया कि उक्त आवेदन के आलोक में आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा उक्त सभी डीलर को नोटिश जारी कर साक्ष्य के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## रीता देवी बनी निर्विरोध प्रखंड प्रमुख



**रामगढ़वा।** प्रखंड प्रमुख पद पर रामगढ़वा पंचायत की बीडीसी रीता देवी ने प्रमुख पद पर बुधवार कों निर्विरोध निर्वाचित हुई है। बाता दे की प्रमुख पद 21 जनवरी से रिक्त था ! पूर्व प्रमुख कांता देवी पर अविश्वास प्रस्ताव लगने के बाद चुनाव के तिथि 15 फरवरी को निर्धारित था ! उच्च न्यायालय के आदेश पर चुनाव स्थगित कर दी गई थी ! फिर से चुनाव की तिथि 13 मार्च कों निर्धारित की गई थी ! निर्विरोध निर्वाचित होने पर पंचायत समिति सदस्यों के अलावे उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस दौरान समर्थक रंग अबीर और फूलमाला पहनाकर खुशी का इजहार किया।

वही प्रखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम था ! अनुमंडल निर्वाचन अधिकारी शिवांशी दीक्षित एवं पर्यवेक्षक अपर समर्हता शैलेंद्र भारती के देख रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ ! प्रियंका कुमारी, विवेक कुमार, अंजलि भार्गव( पु अ नि ) प्रवेश द्वार पर तैनात की गई है !

साथ ही रा पंचायती राज पदाधिकारी आदापुर के साथ विवेक कुमार( पु अ नि ) को प्रखंड कार्यालय प्रवेश द्वार पर तैनाती की गई है ! सुनील कुमार बीडियो आदापुर कों अंजलि भार्गव( पु अ नि ) सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। रीता देवी को बधाई देने वाले में पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद, मोनू सिंह, भूषण पटेल, सहित सैकड़ो लोग थे।

### भीष्म पितामह के रास्ते पर चले हरसिद्धि बीजेपी- जेडीयू के कार्यकर्ता, तथाकथित प्रमुख पद के किंगमेकर के सारे दावे धराशायी

## महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी जानकी देवी बनी प्रखंड प्रमुख

**मोतिहारी/ अरेराज/हरसिद्धि**



जिले के राजनीतिक गलियारों में काफी दिलचस्प मामलों में एक हरसिद्धि प्रखंड प्रमुख चुनाव के सम्पन्न होने के बाद कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हरसिद्धि के एनडीए गठबंधन के नेता भी अब भीष्मपितामह के नक्शे कदम पर चलने लगे है। लोगों की बातों पर भरोसा करें तो जिले के राजद नेताओं समेत प्रखंड के कई भाजपा और जदयू नेताओं ने पार्टी लाईन से ऊपर उठकर एक राजद समर्थित प्रखंड प्रमुख पद के दावेदार मटियारिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जानकी देवी के पक्ष में तन मन धन से समर्थन किया है।

बताया जा रहा है कि प्रखंड प्रमुख के चुनाव में पिछले कई महीनों से चल रहे हॉर्स ट्रेडिंग के खेल में प्रखंड के एक मुखिया पुत्र व एक राजद नेता के द्वारा काफी पैसे खर्च करने की बात भी खूब चर्चे में है। आखिर हो भी क्यों नही, सबकी उम्मीदें जो ठेकेदारी पर टिकी हुई है। बहरहाल अरेराज अनुमंडल कार्यालय के सभागार मे कडी सुरक्षा के बिच बुधवार को शांति पूर्ण माहौल में प्रखंड प्रमुख का चुनाव संपन्न हुआ। हरसिद्धि के पूर्व प्रमुख चंदा देवी पर पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास लगाया था। जिलाधिकारी के आदेश के बाद 13 मार्च को चुनाव की तिथि निर्धारित किया गया। जिसमे पूर्व प्रमुख चंदा देवी सहित पांच पंचायत समिति सदस्य चुनाव में अनुपस्थिति थे। 26 पंचायत समिति सदस्यों में 21 सदस्यों ने भाग लिया। अरेराज एस डी ओ अरुण कुमार ने बताया कि पूर्व प्रमुख चुनाव में शामिल नही हो सकी। निवर्तमान प्रमुख के रूप में मटीयरीया पंचायत के समिति सदस्य जानकी देवी को निर्विरोध चुनी गई। जानकी देवी के समर्थन में विजय कुमार, कन्हैया प्रसाद, गीता देवी सरफराज राय, दिनेश पटेल, दीपक कुमार, प्रदीप यादव, गीता देवी, वशिमा खातून, रजिया खातून, सुगांती देवी, गुलायची देवी, मुस्कतिम अंसारी, रिजवाना खातून, हसन राजा, प्रभा देवी, अमजद खान, शैलेन्द्र कुमार, सुभासनी देवी, ब्रज किशोर यादव आदि शामिल थे। पर्यवेक्षक के रूप में कार्यपालक अभियंता मधुसूदन कर्ण, निर्वाची पदाधिकारी अरुण कुमार, संग्रामपुर बीडीओ अरेराज बीडीओ अरेराज थानाध्यक्ष बिभा कुमारी, पीएसआई रमेंद्र कुमार, विवेक कुमार, हरसिद्धि पीएसआई अमित कुमार रंजन, अनु कुमारी सहित दर्जनों पुलिस बल उपस्थित थे। वहीं जानकी देवी के जीत के बाद कल्याण पुर विधायक सह राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, जिला पार्षद राजेंद्र यादव, राजद नेत नागेन्द्र राम, नयन कुशवाहा, रोहीत गिरी, सुजीत शर्मा, शिवजी यादव, वेदप्रकाश कुशवाहा, श्याम कुशवाहा, दिपक कुमार आदि ने बधाई दी है।

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोतिहारी।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम सौरभ जोरवाल बुधवार को चिरैया प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्तर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और डिस्पैच सेंटर बनाने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में मौजूद कमरों की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. कमरूल होदा से ली। साथ ही, विद्यालय भवन के पीछे खाली जमीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से हर बिन्दु पर विस्तृत रूप से चर्चा की।




उसके बाद डीएम श्री जोरवाल सभी अधिकारियों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां पर चुनाव तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें ईवीएम का रखरखाव, ईवीएम कमीशनिंग, ईवीएम का वितरण, अधिकारियों कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था, चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी, चुनाव कर्मियों को बैठने की जगह की जानकारी ली गई। साथ ही, वाहन पार्किंग के लिए भी स्थल की जानकारी ली। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि चिरैया विधानसभा के लिए स्ट्रांग रूम प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र भवन में तथा ढाका विधानसभा का स्ट्रांग रूम महादेव साह हाई स्कूल में बनाया जाएगा। वही दोनों विधानसभा के पोलिंग पार्टी को उक्त विद्यालय से डिस्पैच किया जाएगा। यह जानकारी बीडीओ नंदकिशोर साह ने दिया। मौके पर एसडीएम निशा, डीसीएलआर सिकरहना अभिषेक श्रीवास्तव, अवर निर्वाची पदाधिकारी सिकरहना विवेक कुमार यादव, सीओ आराधना कुमारी, शिक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह, आर.के. रवि, लिपिक विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

## निर्विरोध चुने गए पताही प्रखंड प्रमुख धरमेन्द्र पासवान एवं उप प्रमुख सुनीता



**पकड़ीदयाल।** अनुमंडल मुख्यालय के सभागार में बुधवार को चुनाव आयोग के निर्देश के बाद पताही प्रखंड प्रमुख का निर्वाचन प्रशासनिक चौकसी के के मध्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अनुमंडल के सभागार भवन में पंचायत समिति की बैठक चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय 11 बजे से शुरू हुआ। जहां कुल 16 सदस्यों ने अपनी उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज किया। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने बताया कि पूर्व प्रमुख रिंकू देवी ने प्रमुख पद के लिए नामांकन करने के लिए प्रपत्र की मांग की जिसे न्याय संगत एवं कानून संबंध नहीं होने से प्रस्ताव रद्द कर दिया। प्रमाणित स्वरूप पूर्व प्रमुख के नेतृत्व में पाच सदस्यों ने निर्वाचन का बहिष्कार कर दिया प्रमुख पद के लिए धरमेन्द्र पासवान एव उप प्रमुख सुनीता देवी ने एकमात्र नामजदगी का पर्चा भरा जिन के पक्ष में सदन में मौजूद 16 सदस्यों ने उपस्थित होकर मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया तत्पश्चात निर्वाची पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने प्रमुख पद के लिए धरमेन्द्र पासवान एव उप प्रमुख पद पर सुनीता देवी को को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। कि नामांकन करने के लिए आतुर पूर्व प्रमुख रिंकू देवी अविश्वास प्रस्ताव में प्राराजीत हो गए थे। पंचायत नियमावली के अनुसार पूर्व प्रमुख पुनः चुनाव नहीं लड़ सकते हैं।





# प्रशासन ने शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटाया

### अतिक्रमणकारियो और नप के कर्मियों के बीच हुआ झड़प

**रक्सौल।** नगर परिषद द्वारा बुधवार को शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नगर परिषद और अतिक्रमणकारियों के बीच झड़प हो गया जिसमें दोनों तरफ आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस मामले में रक्सौल थाना के सुरक्षाकर्मियों द्वारा दो को गिरफ्तार किया गया है।

शहर के मेन रोड पर दोनों तरफ नाला और सड़क के जमीन पर अतिक्रमण कर फुटपाथ दुकान, ठेला लगाने वाले लोगों का दुकान हटाया गया। शहर के पोस्ट ऑफिस चौक से शुरू हुआ अतिक्रमण मुक्त अभियान सब्जी बाजार और मेन रोड पहुंच कर अतिक्रमण हटा कर समाप्त किया गया। इस दौरान सड़क के किनारे और नाला पर फल फूल दुकान, रेडीमेड कपड़ा, सब्जी दुकान सहित दर्जनों अवैध दुकान को हटाया गया। इसके साथ ही सब्जी बाजार में नाला का अतिक्रमण कर बनाए गए घर के छज्जा, कर्कट, दीवाल को जेसीबी से तोड़कर हटाया गया। सब्जी बाजार में नाला पर बनाए गए झोपड़ी नुमा दुकान और करकट को जे सी बी से तोड़कर हटाया गया।कई दुकान भी हटाया गया।इसके पूर्व नगर परिषद द्वारा पूरे शहर में माइकिंग कर सड़क और नाला पर अतिक्रमण करने वाले अवैध दुकानदारों को अविलंब अपना अपना दुकान हटाने और नही हटाने पर नगर परिषद द्वारा हटाने पर होने वाले क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होने की निर्देश दिया गया था।नोटिस भी जारी किया गया था।वावजूद इसके अपना दुकान नही हटाने वाले अतिक्रमणकारियों को नगर प्रशासन द्वारा जे सी बी से जबरन हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



### क्या कहते है अधिकारी

इस बाबत नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्ट ऑफिस चौक से लेकर सब्जी मंडी और मेन रोड में अतिक्रमण हटाया गया।इस दौरान पोस्ट ऑफिस रोड में अतिक्रमण कारियो ने न प के कर्मियों पर लाठी डंडा से हमला कर दिया जिसमें कई कर्मी घायल हो गए।इसकी सूचना पर रक्सौल थाना के सुरक्षाकर्मी पहुंच कर हमला करने वाले अतिक्रमण कारियो पर डंडा बरसाया और इस आरोप में एक को गिरफ्तार तो किया गया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसके खिलाफ एफआईआर दर्जनही हुआ था।

## विकसित भारत 2047 के संदर्भ में पीएम का संबोधन

**मोतिहारी।** शहर के मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राक प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में बुधवार को बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं तथा अध्यापकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। यह संबोधन ₹विकसित भारत 2047₹ के संदर्भ में था। विदित हो कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा गुजरात के धोलेरा में ₹इंडियाज फर्स्ट फैब फैसिलिटी इन गुजरात, ओ.एस. ए.टी.फैसिलिटी इन सानंद( गुजरात )तथा ओ.एस. ए.टी.फैसिलिटी इन मोरीगांव( असम )की आधारशिला प्रधानमंत्री के हाथों रखी गई। इस अवसर पर देश के समस्त युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के ज्ञान के द्वारा भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को व्यक्त किया।

## महिला बंध्याकरण में राज्य में तीसरे स्थान पर आया पूर्वी चम्पारण

**मोतिहारी।** महिला बंध्याकरण में राज्य में तीसरे स्थान पर पूर्वी चम्पारण जिला का स्थान आया है। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 12 से 24 फ़रवरी तक जिले में स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से जागरूकता के साथ जनसंख्या पर नियंत्रण करने को लेकर अभियान चलाया गया, जिसमें मुजफ्फरपुर, वैशाली के बाद पूर्वी चम्पारण का स्थान आया है- ये कहना है जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान का। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की जिले के सभी 27 प्रखंडो के स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 03 हजार 599 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ है, वहीं 51 स्थानों पर परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के मेहनत व अथक प्रयास से इस अभियान में सफलता प्राप्त हुई है।डॉ श्रवण कुमार पासवान ने कहा की जिले की बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करते हुए सरकार के निर्देश के अनुसार जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है जिसमें महिला बंध्याकरण, व पुरुष नसबन्दी कराई जाती है। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत 3599 महिलाओं का बंध्याकरण, सामान्य महिलाओं को कॉपर टी लगाया गया।एमपीए अंतरा इंजेक्शन 1392, गर्भनिरोधक गोलियां 5624 माला एन 11711 एवं छाया की गोली 12558, कंडोम 73290 वितरित की गईं।श्री झा ने बताया कि इस स्वास्थ्य कर्मियों ने दंपतियों से मिल परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों को अपनाने के लिए जागरूक भी किया है।

# चुनाव को लेकर भारत-नेपाल के उच्चधिकारियों ने की बैठक

रक्सौल। बुधवार को, भारत नेपाल के उच्चधिकारी के साथ महानिरीक्षक श्री पंकज दराद ( आईपीएस ) सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पटना( बिहार ) द्वारा एक विशेष बैठक ली गयी जिसमें भारत नेपाल के मध्य मैत्रिक संबंधों में सुधार, आम लोगों को असुविधा, भारत नेपाल की सीमा क्षेत्र में कार्य करने वाली दोनों ओर की सरकारी एजेंसीयों के मध्य आपसी सहयोग, लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष दिशा निर्देशन हेतु चर्चा की गयी।

भारत नेपाल के मध्य मैत्रिक संबंधों के विषय में कहा कि भारत नेपाल के प्राचीन काल से ही सम्बन्ध रहे हैं इसलिए सशस्त्र सीमा बल का भी मोटो है कि यह रोटी बेटी का रिश्ता बना रहे इसलिए आप जनता की सुविधा और सुरक्षा का पहला दायित्व मानते हैं। इसी सन्दर्भ में सशस्त्र सीमा बल के सभी बल कर्मियों को समय समय पर दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं। इसके लिए मैत्री पुल पर एक हेल्प डेस्क स्थापित करने की जायेगी जो नेपाल से आने वाले लोगों और नेपाल जाने वाले लोगों को सहयोग करेंगे।




भारत नेपाल की सीमा क्षेत्र में कार्य करने वाली दोनों ओर की सरकारी एजेंसीयों के मध्य आपसी सहयोग के विषय में कहा कि सभी एजेंसियों का मुख्य उद्देश्य देश और समाज का हित है अतः कहा कि सशस्त्र सीमा बल, नेपाल आर्म्ड पुलिस बल, भारत नेपाल कस्टम, भारत नेपाल पुलिस ' अन्य सुरक्षा एजेंसीयो को आपसी ताल मेल और सहयोग से कार्य में बढोत्तरी करनी होगी तभी अपराध, असमाजिक गतिविधि, भारत- नेपाल विरोधी गतिविधि पर नियंत्रण, मादक पदार्थ की तस्करी, मानव तस्करी और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा.

भारत में होने वाले चुनाव को निष्पक्ष सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से भारत नेपाल के अधिकारियों की बैठक हुई, आई जी पंकज दरार ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि बैठक में भारत में आगामी माह में होने वाले लोकसभा चुनाव में नेपाल सरकार द्वारा सहयोग करने पर सहमति बनी है।

इस बैठक में, सशस्त्र सीमा बल के उप-महानिरीक्षक एस सुब्रमणियम, कमांडेंट विकास कुमार, कमांडेंट एनएस मेहरा, द्वितीयक कमान अधिकारी सुन्दरम, उपकमांडेंट दीपक कृष्णा, उपकमांडेंट ए. प्रियदर्शन अरुण, एएचटीयू प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, भारतीय महावाणिज्य दूतावास से कौंसुल शैलेन्द्र कुमार, सुरेश पट्टपू, नेपाल पुलिस एसपी कुमोध धुन्गेल, कस्टम रक्सौल से सहायक आयुक्त रामानन्द सिंह, आर्म्ड पुलिस फ़ोर्स के डीएसपी देबेन्द्र सिंह डीएसपी संगम श्रेष्ठ ग्रीन सिटी और सामुदायिक नेपाल से प्रकाश खेतान, बीरगंज औद्योगिक और वाणिज्यिक से अनिल अग्रवाल, माधव राज पाल, आप्रवासन ब्यूरो इत्यादि के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संस्कृति हमारी भावनाओं एवं पहचान का आधार है: प्रो. संजय कुमार

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी, बिहार के चाणक्य परिसर स्थित राजकुमार शुक्ल सभागार में हिंदी विभाग की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाषा, साहित्य और संस्कृति' का शुभारंभ बुधवार को किया गया।

संगोष्ठी में उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवाद हमारी भावनाओं एवं पहचान पर निर्भर करती है। औपनिवेशिकता के प्रतिकार के रूप में यह आता है। इस प्रतिउत्तर का आधार भारत की संस्कृति थी। संस्कृति के माध्यम से आंदोलन को जन-जन तक ले जाने में सहूलियत हुई। भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की समानांतर धारा चलती रही । स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी प्रस्कृत होती रही, भाषा ने भी अपने को बड़ी लड़ाई के लिए तैयार किया। साहित्य के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता पर तीक्ष्ण कटाक्ष किया गया।




सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से पधारे आचार्य प्रो. वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने कहा की भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। भाषा संस्कृति की संवाहिका होती है। भाषा से हम उसकी संस्कृति को जान सकते है। 1857 की क्रांति ने जनमानस को यह प्रेरणा दिया कि देश के लिए कुछ करना चाहिए। जनमानस को सांस्कृतिक रूप से ही जागृत करके हम राजनीतिक लड़ाई को जीत सकते हैं।

मुख्य वक्ता के रूप में गोरखपुर से पधारे आचार्य प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव ने कहा कि औपनिवेशिक सत्ता ने भारत का 200 वर्षों तक अनुसंधान किया जिससे वह यहां की संस्कृति को जीत सके। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई नब्बे वर्षों की नहीं है बल्कि यह आज भी भाषा के स्तर पर जारी है। सत्र में भाषा एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता एवं गाँधी भवन परिसर के निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य नए तरंगों को प्रस्फुटित करना है। भारतीय स्वतंत्रता का आंदोलन इसलिए भी अनूठा रहा कि इसमें संस्कृति सदैव विद्यमान रही और इसके ही दम पर हम लोगों ने ब्रिटिश सत्ता को परास्त किया।

# देश में चुनावों से पहले विकास की बरसात



राकेश अचल

आप विकास की बेमौसम बरसात के आनंद लीजिये लेकिन ठीक वैसे ही जैसे एक पर्यटक लेता है । हकीकत समझिये कि ये विकास बरसाती ही है , टिकाऊ नहीं। ये एक चारा है जो मतदाता नाम की मछली को फसाने के लिए कांटेनुमा वंशी के नुकीले सिरे पर लगाई जाती है। चारे के लालच में यदि आपने बरसाती विकास के लिए अपना मुंह खोला तो आपका शिकार होना बहुत स्वाभाविक है। बरसाती विकास उस मांजे की तरह है जो किसी भी मछली के लिए घातक होता है।

लोकसभा चुनाव से पहले देश में विकास की ऐसी बरसात हो रही है कि पिछड़ापन लगता है कहीं बचेगा ही नहीं। हम कल की ही बात करें तो एक ही दिन में सरकार ने 6 नए हवाई अड्डे ,छह नए टर्मिनल का लोकार्पण करने के साथ ही हजारों करोड़ रुपए की नयी योजनाओं की आधारशिलाएं रख दीं। देश में ये विकास राजनीति के पश्चिमी विक्षोभ का नतीजा है। न चुनाव होते और न देश में विकास की झड़ी लगती । लगता है कि सरकार विकास की मेघमाला को चुनावों के लिए ही रोककर रखती है। इस हवा-हवाई विकास की हकीकत क्या है ये समझना जरूरी है।



चुनावों से पहले देश में विकास की बरसात हमेशा से होती आई है किन्तु भाजपा की सिंगल और डबल इंजन की सरकारों ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए गठबंधन के लिए 400 सीटें जीतने के आसमानी लक्ष्य को पाने के लिए विकास की बरसातों के सभी पुराने कीर्तिमान भंग कर दिए हैं। मौजूदा सरकार को कीर्तिमान भंग करने में महारत हासिल है । सरजू तट पर दीपक जलाने से लेकर ,सरकारें खरीदने,गिराने और विकास की बरसातें करने तक के सभी पुराने कीर्तिमान हमारी इसी लोकप्रिय सरकार ने भंग किये हैं। कांग्रेस की अव्वल तो सरकारें कम हैं और जो भी हैं वे भी नए कीर्तिमान गढ़ने में भाजपा से कोसों पीछे हैं।

देश की जनता को हैरानी होती है की 74 साल के प्रधानमंत्री में इतनी ऊर्जा कहाँ से आती है जो वे उत्तर -पूर्व से लेकर पूरे देश में चुनावी दौरे ऐसे कर रहे हैं जैसे की कोई तूफान खड़ा करना कहते हों। प्रधानमंत्री ने 10 मार्च को ही 15 हवाई इंफ्रा स्ट्रक्चर का लोकार्पण किया। इनमें छह नए हवाई अड्डे शामिल हैं। प्रधानमंत्री जी भले ही मणिपुर नहीं गए हों लेकिन वे उन सभी हिस्सों में गए जहाँ से सीटें मिल सकती है। वे बिहार गए,बंगाल गए,यूपी तो जाते ही रहते हैं। एमपी गए ,महाराष्ट्र गए और जहाँ नहीं जा पाए वहां उन्होंने अपनी आभासी उपस्थिति [वर्चुअल ] से लोगों को नवाजा। अतीत में ये क्षमता सुर और असुर दोनों पक्षों के पास थी। अब कलिकाल में ये मायावी शक्ति केवल सत्ता पक्ष के पास बची है।

दो-दो इंजन लगाकर सरकारें चलाने वाली भाजपा ने जान और मान लिया है कि जुमलेबाजी में विकास का छोंक लगाए बिना बात बनने वाली नहीं है । देश को आप चाहे हिन्दू राष्ट्र बनाइये , चाहे अहिन्दू राष्ट्र बिना विकास के बात बनने वाली नहीं है। किसी भी देश में विकास पहली जरूरत होती है । जहाँ विकास को तरजीह नहीं दी जाती वहां बारूद ही बारूद बिछी दिखाई देती है। आसपास नजरें उठाकर देख लीजिये ,हकीकत समझ में आ जाएगी। राष्ट्र को राष्ट्र बनाये रखने के लिए सबसे पहले खुद को उदार बनाना जरूरी है। आप जुमलों से खुद को बिजूका बनाकर लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। और यदि कर रहे हैं तो ये आपका सौभाग्य है।

देश का विपक्ष और एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खलनायक मानता है ,किन्तु मै ऐसा नहीं मानता,क्योंकि खुद मोदी जी ऐसा नहीं मानते । वे भले ही देश की 31 फीसदी जनता द्वारा चुनी गयी भाजपा के नेता हैं लेकिन हैं तो देश के प्रधानमंत्री ,इसलिए मै उन्हें खलनायक नहीं मान सकता भले ही वे खलनायकों की तरह व्यवहार करते नजर आते हों। खलनायक के भीतर भी तो एक नायक छिपा है। नायक,खलनायक और अधिनायक में जो गैर जरूरी शब्द हैं उन्हें यदि अलग कर दिया जाये तो शेष नायक ही बचता है। देश पर विकास की बरसात आखिर मोदी जी से ,भाजपा से कोई अंतर्निहित नायक ही करा रहा है।

समस्या ये है कि हम या हमारी राजनीति कभी ये सवाल नहीं करती कि सरकारें विकास को एक सतत प्रक्रिया बनाये रखने के बजाय उसका इस्तेमाल एक चारे के रूप में क्यों करतीं है। सरकारों को विकास की याद ?न चुनावों के समय ही क्यों आती है ? क्या वे चुनावों के लिए विकास को अवरुद्ध करने का अपराध नहीं करतीं ? विकास को एक जरूरत के बजाय राजनीतिक हथियार क्यों बना दिया गया है ? क्या इससे मुक्ति आवश्यक नहीं है ,या सभी राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर कोई दुरभि संधि कर ली है ?

परिश्रमी,दृढ प्रतिज्ञ और तपोनिष्ठ प्रधानमंत्री जी का दुर्भाग्य ये है कि अब उनके द्वारा एक दशक में बनाये गए हवामहल की ईंटे खिसकने लगीं है। अभी तक उनके द्वारा खोले गए शरणार्थी शिविरों में कांग्रेस और दीगर दलों के शरणार्थी नेता शरण ले रहे थे किन्तु अब उनकी पार्टी से भी लोग पलायन कर उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के शरणार्थी शिविरों में जाते दिखाई देने लगे है। हरियाणा से पहले मध्यप्रदेश में इसकी शुरूवात हुई थी । अब पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रधानमंत्री के अधिनायकत्व से खिन्न लोग भाग रहे है। या बगावत कर रहे हैं। चूंकि कानून होने के बाद भी अब दल-बदल कोई अपराध या अनैतिक कृत्य नहीं है इसलिए सभी के लिए ये क्षम्य है। भाजपा में जिस तरह से कांग्रेस का काठ-कबाड़ भरा गया है उससे भाजपा के आम कार्यकर्ता में भारी असंतोष है ,जो विकास की बेमौसम बरसात पर भारी पड़ सकता है।

चूंकि हम भाजपा के भाग्यविधाताओं की मजबूरी को समझते हैं इसलिए हमारी उनके प्रति सहानुभूति है। हमारी सहानुभूति को आप अन्यथा मत लीजिये। देश को तोड़ना और जोड़ना दो अलगअलग काम हैं जो राजनीतिक दल अपनी-अपनी समझ और सामर्थ्य से कर रहे हैं जनता धर्म के नशे में है लेकिन धीरे-धीरे धर्म का नशा उतर रहा है। उम्मीद की जाना चाहिए कि नशामुक्त अवाम अपने भविष्य का फैसला समझदारी से करेगी और नहीं करेगी तो खुद ही भुगतेगी। इसमने हमारा आपका कोई कसूर नहीं होगा। हम और आप मिलाकर अपनी क्षमता से नशे की गिरफ्त में आयु अवाम को झकझोरने का यत्न,प्रयत्न लगातार कर रहे हैं। ये जोखिम का काम है फिर भी हमने इसे छोड़ा नहीं है । कहते हैं कि जब कोई खलनायक अपनी खलवृत्ति को नहीं छोड़ता तो किसी सज्जन व्यक्ति को भी अपनी सज्जनता का त्याग नहीं करना चाहिए।

कुल जमा बात ये है कि आप विकास की बेमौसम बरसात के आनंद लीजिये लेकिन ठीक वैसे ही जैसे एक पर्यटक लेता है । हकीकत समझिये कि ये विकास बरसाती ही है ,टिकाऊ नहीं। ये एक चारा है जो मतदाता नाम की मछली को फसाने के लिए कांटेनुमा वंशी के नुकीले सिरे पर लगाई जाती है। चारे के लालच में यदि आपने बरसाती विकास के लिए अपना मुंह खोला तो आपका शिकार होना बहुत स्वाभाविक है। बरसाती विकास उस मांजे की तरह है जो किसी भी मछली के लिए घातक होता है।

## संपादकीय

### तेलुगू देशम पार्टी फिर हृष्ठ में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर-तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है। अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढ़ने का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है। तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए। उसे अपनी सरकार के कार्यकाल के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और दूरदर्शी व जीवंत नेतृत्व पर विश्वास है, जिसके सहारे वह चुनावी वैतरणी पार हो जाना चाहती है। भाजपा के लिए भी दक्षिण के इस प्रमुख राज्य में उसका साथ माकूल है।

## चिंतन-मनन

### जीव परमेश्वर की परा शक्ति

जीव परमेश्वर की परा प्रकृति (शक्ति) है। अपरा शक्ति तो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार जैसे विभिन्न तत्वों के रूप में प्रकट होती है। भौतिक प्रकृति के ये दोनों रूप-स्थूल (पृथ्वी आदि) तथा सूक्ष्म (मन आदि) अपरा शक्ति के ही प्रतिफल हैं। जीव जो अपने विभिन्न कार्य के लिए अपरा शक्तियों का विदोहन करता रहता है, स्वयं परमेश्वर की परा शक्ति है और यह वही शक्ति है जिसके कारण सारा संसार कार्यशील है। इस दृश्य जगत में कार्य करने की तब तक शक्ति नहीं आती, जब तक परा शक्ति अर्थात जीव द्वारा यह गतिशील नहीं बनाया जाता। शक्ति का नियंत्रण सदैव शक्तिमान करता है, अतः जीव सदैव भगवान द्वारा नियंत्रित होते हैं। जीवों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। वे कभी भी सम शक्तिमान नहीं, जैसा कि बुद्धिहीन मनुष्य सोचते हैं। श्रीमद्भागवत में जीव तथा भगवान के अन्तर को इस प्रकार बताया गया है- ह्यें परम शात! यदि सारे देहधारी जीव आप ही की तरह शात एवं सर्वव्यापी होते तो वे आपके नियंत्रण में न होते। किन्तु यदि जीवों को आपकी सूक्ष्म शक्ति के रूप में मान लिया जाए, तब वे सभी आपके परम नियंत्रण में आ जाते हैं। अतः वास्तविक मुक्ति आपकी शरण में जाना है और इस शरणागति से वे सुखी होंगे। परमेश्वर कृष्ण एकमात्र नियन्ता हैं और सारे जीव उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सारे जीव उनकी पराशक्ति हैं, क्योंकि उनके गुण परमेश्वर के समान हैं, किन्तु वे शक्ति की मात्रा के विषय में समान नहीं हैं। स्थूल व सूक्ष्म अपरा शक्ति का उपभोग करते हुए परा शक्ति (जीव) को अपने वास्तविक मन तथा बुद्धि की विस्मृति हो जाती है। इसका कारण जीव पर जड़ प्रकृति का प्रभाव है। माया के प्रभाव में अहंकार सोचता है, मैं ही पदार्थ हूं और सारी भौतिक उपलब्धि मेरी है किंतु जब वह सारे भौतिक विचारों से मुक्त हो जाता है, तो उसे वास्तविक स्थिति प्राप्त होती है। गीता जीव को कृष्ण की अनेक शक्तियों में से एक मानती है और जब यह शक्ति भौतिक कल्मष से मुक्त हो जाती है, तो पूर्णतया कृष्णभावनाभावित या बंधनमुक्त हो जाती है।


# अनास्था की सदी में खाटू आस्था का मेला



निमिषा सिंह

वीर प्रसूता राजस्थान की माटी ने यूं तो अपने आंचल में उत्कृष्ट शोर्य परंपरा से जुड़ी अनेको गौरव गाथाओं को समेटा हुआ है किंतु राजस्थान का जिक्र हो और आस्था के प्रमुख केन्द्र खाटू की बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। विशेषकर मुझ जैसे लाखों भक्तों के लिए जिनका मानना है कि खाटू में विराजमान बाबा श्याम से अगर एक बार कुछ मांगा तो वो लाखों करोड़ों बार देते है और देते ही रहते हैं। यही कारण है कि हम भक्त उन्हें लखदातार के नाम से भी पुकारते है। राजस्थान के शेखावाटी के सीकर जिले में स्थित है परमधाम खाटू। यहाँ विराजित हैं भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार खाटू श्यामजी। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां देवता के केवल सिर की पूजा होती है। यहां की मूर्ति का कोई धड़ नहीं है। धड़विहीन मूर्ति बाबा श्याम की है जिनकी कहानी महाभारत और स्कंद पुराण से संबंधित है। श्याम बाबा की महिमा का बखान करने वाले भक्त राजस्थान या भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में मौजूद है। हर वर्ष फाल्गुन के महीने में यहां सबसे ज्यादा भीड़ होती है। फाल्गुन के महीने अर्थात मार्च में बाबा खाटू श्याम जी का लक्खी मेला लगता है साथ ही बाबा का जन्मदिन भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 2024 में बाबा श्याम का यह मेला 11 मार्च से प्रारंभ होगा और 21 मार्च तक इसका समापन होगा। बाबा खाटू श्याम का संबंध महाभारत काल से है। ये पांडुपुत्र भीम के पोते थे। ऐसा कहा जाता है कि खाटू श्याम की शक्तियों और क्षमता से खुश होकर श्री कृष्ण ने इन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजने का वरदान दे डाला था। वनवास के दौरान जब पांडव अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर घूम रहे थे तब भीम का सामना हिडिम्बा से हुआ। हिडिम्बा ने भीम से एक पुत्र घटोत्कच को जन्म दिया। इसी घटोत्कच और अहिलावती (मोरवी) के सबसे बड़े पुत्र हुए बर्बरीक। उनके अन्य भाई अंजनपर्व और मेघवर्ण का उल्लेख भी महाभारत में दिया गया है। इन सबों को वीरता और शक्तियों के लिए जाना जाता था।बर्बरीक को उनकी माता मोरवी ने यह सीख दी कि सदा ही पराजित पक्ष की तरफ से युद्ध करना और वे इसी सिद्धांत पर आजीवन अड़े रहे। जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध होना था तब बर्बरीक ने युद्ध देखने का निर्णय लिया। श्री कृष्ण ने जब उनसे पूछा कि वो युद्ध में किसकी तरफ हैं? तब उन्होंने कहा था कि जो पक्ष हारेगा वो उसकी तरफ से लड़ेंगे। चूंकि श्री कृष्ण युद्ध का परिणाम जानते थे लिहाजा उन्हें आसंका थी कि बर्बरीक कहीं पांडवों के लिए खतरा ना बन जाए। ऐसे में कृष्ण जी ने बर्बरीक को रोकने के लिए उनसे दान की मांग की। दान में उन्होंने उनसे उनका शीश मांग लिया। दान में बर्बरीक ने उनको शीश तो दे दिया लेकिन आखिर तक उन्होंने अपनी आंखों से युद्ध देखने की इच्छा जाहिर की। श्री कृष्ण ने इच्छा स्वीकार करते हुए उनका सिर युद्ध स्थान के निकट एक पहाड़ी पर रख दिया। युद्ध के बाद पांडव लड़ने लगे कि जीत का श्रेय किसको जाता है तब बर्बरीक कहते हैं कि श्री कृष्ण की वजह से आप सबों को जीत हासिल हुई है। श्री कृष्ण बर्बरीक के इस बलिदान से काफी खुश हुए और उन्हें कलियुग में श्याम के नाम से पूजे जाने का वरदान दे दिया। ऐसा कहा जाता है कि कलयुग की शुरूआत में राजस्थान के खाटू गांव में उनका सिर मिला था। कहते हैं ये अद्भुत घटना तब घटी जब वहां खड़ी गाय के थन से अपने आप दूध बहने लगा था। इस चमत्कारिक जगह पर खुदाई की गई को तो यहां खाटू श्याम जी का सिर मिला। अब लोगों के बीच में ये दुविधा शुरू हो गई कि इस सिर का किया जाए। बाद में उन्होंने सर्वसम्मति से एक पुजारी को सिर सौंपने का फैसला किया। इसी बीच क्षेत्र के तत्कालीन शासक रूप सिंह को मंदिर बनवाने का सपना आया और उसी स्थान पर मंदिर निर्माण शुरू किया गया। मंदिर निर्माण ले पश्चात खाटूश्याम की मूर्ति वहां स्थापित की गई। 1027 में रूप सिंह द्वारा बनवाए गए मंदिर का पुनर्निर्माण खाटू श्याम के भक्त दीवान अभय सिंह ने 1720 ई. में किया। इतिहासकार पंडित झाबरमल्ल शर्मा के मुताबिक सन 1679 में औरंगजेब की सेना ने इस मंदिर को नष्ट कर दिया था। मंदिर की रक्षा के लिए उस समय अनेक राजपूतों ने अपना प्राण न्योछावर किया था। इस मंदिर में बाबा श्याम के मस्तक स्वरूप की पूजा होती है जबकि निकट ही स्थित रींगस में उनके धड़ स्वरूप की पूजा की जाती है। पिछले साल जून के महीने में मेरा पहली बार खाटू जाना हुआ। ऐसा लगा मानो बाबा श्याम का बुलावा आया है। मैं दिल्ली से वाया रोड खाटू श्याम गई थी जिसमे 5 से 6 घंटे का समय लग गया था। खाटू श्याम का मंदिर जयपुर से 80 किलोमीटर दूर खाटू गांव में मौजूद है। खाटू श्याम पहुंचने के लिए सबसे पास का रेलवे स्टेशन रीगस है जहां से बाबा के मंदिर की दूरी 18.5 किलोमीटर है। रेलवे स्टेशन से निकलने के बाद मंदिर के लिए टैक्सी या जीप आसानी से मिल जाती है। अगर आप फ्लाइट से जा रहे हैं तो सबसे नजदीकी एयरपोर्ट जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। यहां से मंदिर की दूरी 95 किलोमीटर है। भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा निजी गाड़ियों को मंदिर से काफी पहले रोका जा रहा था। हमे दर्शन के लिए कुछ दूर पदयात्रा करनी पड़ी। उसका भी अपना एक अलग आनंद रहा। हारे का सहारा, कृष्ण के कलयुगी अवतार, लखदातार, शीश के दानी कहे जाने वाले बाबा खाटू श्यामजी के मंदिर में उनके दर्शन के लिए लंबी लंबी कतारें लगी थी। हजारों की संख्या में भक्त हाथों में निशान लिए बाबा श्याम के जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। खाटू श्याम पर झंडा रूपी निशान चढ़ाया जाता है। सनातन धर्म में ध्वज को विजय के प्रतीक के तौर पर माना जाता है। साथ ही यह भी बता दूं कि यह निशान श्याम बाबा द्वारा दिए गए बलिदान और दान का प्रतीक माना जाता है। नजदीक पहुंची तो देखा कि बाबा श्याम के मंदिर में पत्थरों और संगमरमर का उपयोग किया गया है। मंदिर का द्वार सोने की पत्ती से सुशोभित है। मंदिर के बाहर जगमोहन के नाम से प्रार्थना कक्ष भी दिखा। भक्त एक एक कर बाबा के दर्शन कर रहे थे। अब मेरी बारी थी बाबा श्याम के दर्शन की। अलौकिक और अद्भुत क्षण था वह जब मैं उन्हें अपनी आंखो से निहार रही थी। सब कुछ भूल चुकी थी मैं। बहुत कुछ मांगना भी था श्याम बाबा से। वह भी भूल गई मैं। थोड़ा अफसोस तो हुआ पर यह सोचकर मन को तस्सली दी कि मैं बाबा की बाबा मेरा ।।

# चिंता की बात : मौसम की मार से त्रस्त जनजीवन



सुरेश भाई



इस जनवरी-फरवरी के 45 दिनों में जिस तरह से कंपकंपाती शीत और पहाड़ों पर बर्फ पड़नी चाहिए थी, वह नहीं दिखाई दी। शीतकाल में ही मार्च से शुरू होने वाली गर्मी जैसा महसूस होने लगा था। 14 फरवरी को बसंत पंचमी तक भी पूरी तरह से पतझड़ नहीं हो पाया था क्योंकि उस समय तक शीत लहर के साथ बारिश और बर्फ के अभाव में सूखे पत्ते पूरी तरह से धरती पर नहीं गिर सके और लंबे समय तक पतझड़ वाले पेड़ सूखी पत्तियों को ही ओढ़े रहे क्योंकि नमीयुक्त शीत लहर जब चलती है तो पतझड़ वाले पेड़ों से सूखी पत्तियां झड़कर जमीन पर गिरती हैं। मौसम की इस बेरुखी से चारों तरफ सूखा ही सूखा दिखाई दे रहा है। शीतकाल में हिमालय क्षेत्र में साढ़े 4 हजार से लेकर 10 हजार फीट के बीच में जो बर्फ पड़नी चाहिए थी, वह इस बार गायब रही।

पर्वतीय क्षेत्रों और तराई वाले कृषि क्षेत्र में जहां सरसों के पीले-पीले फूल खेतों में लहलहाते दिखाई देते थे वे भी पहले के जैसे नहीं दिखाई दे रहे। गेहूं और मटर की फसल पानी की कमी के कारण पूरी तरह नहीं उग पाई।

ऊंचाई के इलाकों में सेब की फसल भी संकट में पड़ गई है क्योंकि जहां सेब होता है वहां पर शीतकाल में जब बर्फ और बारिश पड़ती है, तभी फसल अच्छी होती है। इस शीतकाल में बारिश की कमी के कारण जंगलों में आग फैलती रही है जो 15 फरवरी के बाद भारी बारिश और बर्फबारी होने पर ही बुझ पाई। बेमौसमी बारिश ने फिर से मौसम परिवर्तन के बड़े संकेत दे दिए हैं क्योंकि इस दौरान मार्च के प्रथम सप्ताह तक बढ़ती ठंड और बारिश के साथ पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी के कहर ने जम्मू, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में 12 लोगों की भी जान ले ली है जबकि इस समय किसानों की बोई फसल को तेज बारिश की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यहां तो इतनी तेज बारिश हुई कि हिमाचल में हिमस्खलन के कारण चिनाब नदी का बहाव रुका रहा। उत्तराखंड में चारधाम की सड़कों पर वारिश और बर्फवारी का दौर जारी है। बरसात के जैसे मौसम में यहां 500 स्थानों पर सड़कें बंद रहीं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लद्दाख, कश्मीर में भी बारिश और बर्फबारी हुई है। बिहार, सिक्किम में तूफान के साथ ओलावृष्टि हुई है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर बेमौसमी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण हिमाचल के किन्नौर और जम्मू कश्मीर के रामबन में 300 से ज्यादा पर्यटक फंसे रहे जबकि ऐसी स्थिति बरसात में देखी जाती थी। बताया जा रहा है कि मार्च में सामान्य से अधिक वष्रा यानी 117 प्रतिशत से अधिक हो सकती है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि इस दौरान दक्षिणी प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है जिसके कारण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा में लंबी अवधि तक लू चलने का पूवार्नुमान है। यह स्थिति मार्च-मई के बीच में अधिक रह सकती है। यहां पर ग्रीष्मकाल की शुरूआत से ही गर्मी तेजी से बढ़ जाएगी। इसलिए अल नीनो (मध्य प्रशांत महासागर में समुद्री जल के नियमित अंतराल पर गर्म होने की स्थिति) गर्मी के पूरे मौसम में बना रहेगा। इसके बाद भी अच्छी मानसूनी वर्षा के अनुमान हैं। यदि गर्मी और सर्दी की लंबी अवधि चलती रहेगी तो वैज्ञानिकों की वह बात सच हो जाएगी कि 2100 तक पानी ढूंढने पर भी नहीं मिलेगा। शोधकताओं ने कहा है कि तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा तो हिमालय का 90 फीसद क्षेत्र साल भर में सुखे रहेंगे। मौसम में तेज गति के बदलाव के कारण ह्यपरागणह्न प्रक्रिया पर भी असर पड़ेगा। तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से भी भारत में खेती की जमीन पर सूखे का खतरा 31 फीसद के बीच घट सकता है और 50 फीसद जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप कार्य करने में मदद मिल सकती है। इसके बावजूद सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट के साथ प्राकृतिक आपदाओं के खतरे बढ़ सकते हैं। हमारी हर विकास योजना में मौसम की मार का सामना करने के लिए पूरी तैयारी होनी चाहिए।

जलवायु अनुकूल प्लान गांव से लेकर शहर तक बनाना होगा। विकास कार्यों में इस बात का ध्यान रखा जाए कि हर तरह की गतिविधि चलाते समय पानी को अधिक से अधिक संरक्षित करके संतुलित उपयोग के तरीकों का पालन किया जाए। प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाली आजीविका को नष्ट होने से बचाया जाए। छोटे और सीमांत किसानों के लिए भूमि वितरण की व्यवस्था हो ताकि खेती का दायरा बढ़ाया जा सके। समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में बदलते मौसम और जलवायु के संकट से बचना मुश्किल होगा।

# होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं अनिद्रा के रोगी

**मुझे नींद नहीं आती, आपने अकसर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अकसर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।**

अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नीद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

# आंखों का खास ख्याल रखें मधुमेह पीड़ित

मधुमेह के कारण होने वाली इन बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि मधुमेह के रोगी समय-समय अपनी आंखों की जांच कराते रहें और कोई भी दिक्कत सामने आते ही उसका इलाज करवाना शुरू कर दें। मधुमेह के रोगी के चश्मे की नंबर बार-बार बदलता रहता है क्योंकि इस रोग के कारण आंखों के लैंस की फोकस करने की क्षमता बिगड़ जाती है। चश्मे का नंबर बार-बार बदलना, मधुमेह का एक प्रमुख लक्षण है और कई बार इस लक्षण के द्वारा ही मधुमेह की पहचान की जाती है। मधुमेह के रोगियों में कम उम्र में ही मोतियाबिंद हो सकता है। वास्तव में जिस रोगी में रक्त शर्करा का उतार-चढ़ाव जितना अधिक होगा। उतना ही जल्दी उसे मोतियाबिंद हो सकता है। कुछ मरीजों में लैंस में धुंधलापन आ जाता है, उसकी पारदर्शिता खत्म हो जाती है इसे डायबिटिक कैटरैक्ट कहते हैं। इसमें रोगी की आंखों के लैंस में हिमवृष्टि जैसी आकृतियां बन जाती हैं और ऐसा प्रतीत होता है मानो लैंस पर बर्फ के फाए जम गए हों। डायबिटिक कैटरैक्ट हो या साधारण मोतियाबिंद इसका इलाज ऑपरेशन द्वारा किया जाता है। यह ऑपरेशन बिना टांकों के हो सकता है जिसे फेको इमल्शिफकिशन कहते हैं। इस तकनीक से ऑपरेशन करने के लिए कार्निया के बाहरी हिस्से में लगभग तीन मिलीमीटर का एक चीरा लगाया जाता है। फिर इस चीरे गए हिस्से में एक अत्यंत छोटा अल्ट्रासोनिक औजार प्रवेश करवाया जाता है। यह औजार अल्ट्रसोनिक तरंग पैदाकर मोतियाबिंद को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ देता है। इन टुकड़ों को आसानी से आंखों से निकाल दिया जाता है। परंपरागत ऑपरेशन की तुलना में इस तकनीक द्वारा शल्य क्रिया करने में बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है जिससे घाव जल्दी भर जाते हैं। इस ऑपरेशन में टांके लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ती। इस तकनीक का प्रयोग करके की जाने वाली शल्य क्रिया में एनैस्थेटिक सुई का प्रयोग नहीं किया जाता। इसमें आंखों में एनैस्थिसयि की सिर्फ कुछ बूंदें डाली जाती हैं। इस तकनीक से ऑपरेशन करवाने में बहुत कम समय लगता है और ऑपरेशन के बाद मरीज को बहुत कम दवाइयां लेनी पड़ती हैं साथ ही ऑपरेशन के बाद बहुत कम एहतियात बरतने की जरूरत पड़ती है। सामान्य लोगों की तुलना में मधुमेह के मरीजों को ग्लूकोमा (काला मोतिया) होने की संभावना लगभग आठ गुना ज्यादा होती है। ग्लूकोमा के कारण आंख के भीतर दबाव बढ़ जाता है जिससे पर्दे पर जोर पड़ता है और नजर कमजोर हो जाती है। मधुमेह के रोगियों म`

दिनोंदिन पुतली के आसपास नई धमनियां पनपने के कारण आंख पर दबाव बढ़ जाता है इस स्थिति को सैंकेडरी ग्लूकोमा कहते हैं। मधुमेह के रोगियों को इसके प्रति सदैव सावधान रहना चाहिए। ग्लूकोमा का उपचार उसके प्रकार तथा रोग की दशा पर निर्भर करता है। आमतौर पर दवाइयों से ही इसका उपचार किया जाता है। इसके लिए लगातार दवाइयों का सेवन करना है परन्तु एक स्थिति ऐसी भी आती है जबकि रोगी पर दवा का कोई असर नहीं होता। ऐसे में लेजर का प्रयोग कर ऑपरेशन किया जाता है। इस आपरेशन के लिए कोई चीर फाड़ नहीं होती और न ही रोगी को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। लेजर द्वारा उपचार करने के लिए रोगी की आंखों को बस थोड़ी देर के लिए सुन्न किया जाता है। भिन्न-भिन्न किस्म के लेजर के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के मोतिया का उपचार किया जाता है। सैकेंडरी ग्लूकोमा के उपचार के लिए आर्गन लेजर का प्रयोग किया जाता है। एंगल क्लोजर ग्लूकोमा के उपचार के लिए याग लेजर प्रयोग किया जाता है।



**मधुमेह शरीर के दूसरे अंगों जैसे गुर्दे और हृदय की ही अनेक बीमारियों का जनक नहीं है अपितु आंखों पर भी कई प्रकार से इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। मधुमेह के लगभग 80 प्रतिशत रोगियों को जीवन में आंखों की किसी न किसी समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है, आखों की इन समस्याओं में प्रमुख हैं- डायबेटिक रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद तथा काला मोतिया।**

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 3117

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 8\ | 19\ | ■ | 17\ | 7\ | ■ | ■ |
| ■ | 6\ | 20\16 | | | \11 | | | 12\ | 8\ |
| \10 | | | | | 4\29 | | | | |
| \11 | | | 16\9 | | | 11\ | 7\3 | | |
| ■ | \13 | | | 7\10 | | | | | ■ |
| ■ | ■ | 23\5 | | | 9\10 | | | 22\ | ■ |
| ■ | 11\30 | | | | | 7\11 | | | 16\ |
| \10 | | | 15\ | 13\5 | | | 11\17 | | |
| \30 | | | | | \16 | | | | |
| ■ | ■ | \13 | | | \10 | | | ■ | ■ |

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24\15 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3116 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 18\ | 9\ | ■ | ■ | 24\ | 8\ | ■ | ■ |
| ■ | 21\3 | 2 | 1 | ■ | 9\16 | 9 | 7 | 24\ | ■ |
| \23 | 9 | 6 | 8 | 24\19 | 2 | 7 | 1 | 9 | 7\ |
| \5 | 4 | 1 | 23\21 | 9 | 4 | 8 | 20\8 | 7 | 1 |
| \33 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 12\23 | 9 | 8 | 6 |
| ■ | 4\ | 12\17 | 9 | 8 | 11\17 | 9 | 8 | 24\ | 7\ |
| \15 | 3 | 4 | 8 | 21\15 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| \3 | 1 | 2 | 17\9 | 5 | 3 | 1 | 16\11 | 9 | 2 |
| ■ | \30 | 6 | 8 | 9 | 7 | \10 | 7 | 2 | 1 |
| ■ | ■ | \16 | 9 | 7 | ■ | \17 | 9 | 8 | ■ |

## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।
युवती बोली- तुमने ये क्या किया?
युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।
युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।
युवक- अब ये क्या था?
युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3117

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | | ■ | 13 | | | ■ |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | ■ | 19 | 20 | | |
| 21 | | | 22 | | 23 | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | ■ |
| 27 | | 28 | | ■ | ■ | 29 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3116

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | ■ | क्ष | त्रि | य | ■ | ज | ख्मी |
| दि | ■ | सी | मा | ■ | दे | श | प्रे | मी | ■ |
| श | बा | ब | ■ | दे | व | ■ | म | न | ■ |
| ■ | बु | ■ | जो | श | ■ | बा | गी | ■ | खु |
| दौ | ल | त | ■ | द्रो | ही | ■ | त | ला | शी |
| ड़ | ■ | ला | ■ | ही | ■ | पा | ■ | ट | ■ |
| ■ | रे | श | नी | ■ | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | ■ | य | की | न | ■ | ■ | ब | ■ |
| ग | ■ | ■ | त | ■ | बा | द | ल | ■ | जी |
| ल | की | र | ■ | डॉ | न | ■ | की | म | त |

## सूडोकु -3117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3117

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | ■ | 9 | 10 | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 |
| 23 | | | ■ | | ■ | 24 | 25 | | | |
| | ■ | ■ | 26 | ■ | 27 | | | ■ | ■ | |
| 28 | 29 | ■ | 30 | | | ■ | | ■ | 31 | |
| ■ | 32 | | | ■ | ■ | 33 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

### शब्द पहेली -3116 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |



## मालदीव में पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट

**माले ।** टापू देश की एक वेबसाइट ने हाल ही में मालदीव पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मालदीव जाने वाले भारतीय टूरिस्टों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय टूरिस्ट मालदीव पहुंचे थे। इस साल 2 मार्च तक भारतीय टूरिस्टों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित वेबसाइट ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था। पिछले वर्ष की समान अवधि में भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में टूरिस्टों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था, हालांकि भारत अब 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब नवनिर्वाचित मालदीव सरकार के तीन उपमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं। पीएम मोदी ने भारतीय द्वीप समूह को समुद्र तट पर्यटन और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक गंतव्य के रूप में विकसित करने का आह्वान किया था। यह मामला एक बड़े राजनयिक विवाद का रूप ले लिया और नई दिल्ली ने मालदीव के दूत को तलब किया और वायरल पोस्ट के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। मालदीव ने तीनों उपमंत्रियों को निलंबित कर दिया गया और वे वेतन सहित निलंबित रहेंगे। इस साल की शुरुआत में, मालदीव पर्यटन उद्योग के हितधारकों ने चिंता व्यक्त की क्योंकि भारत में बहिष्कार अभियान में तेजी आई और लोकप्रिय भारतीय फिल्म एक्टरों का भी समर्थन मिला।

## अदाणी पोर्ट के शेयर ने 2008 की मंदी के बाद 980 फीसदी रिटर्न दिया

**- अदाणी पोर्ट के शेयर ने अब तक 20 बार डिविडेंट दिया**

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के कई शेयरों ने निवेशकों को शानदार कमाई कराई है। लांग टर्म में अच्छा मुनाफा देने वाले शेयरों में अडानी पोर्ट्स के स्टॉक का नाम भी शामिल है। खास बात यह है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद जब अडानी ग्रुप बाकी शेयरों में तो तेज गिरावट आई थी, लेकिन अडानी पोर्ट्स का शेयर इस झटके को आसानी से सह गया और इसमें ज्यादा गिरावट नहीं आई। शेयर ने 2008 की मंदी के बाद से 980 फीसदी से अधिक रिटर्न अपने निवेशकों को दिया है। इसके साथ ही डिविडेंड देने के मामले में भी शेयर आगे रहा है और अब तक 20 बार डिविडेंट दिया है। अडानी पोर्ट्स शेयर एक बार स्प्लिट भी हुआ है। 23 सितंबर, 2010 को यह 1:5 के अनुपात में 10 रुपये से 2 रुपये में विभाजित हो गया था। अडानी पोर्ट्स को लेकर 7 ब्रोकरेज हाउसेज बुलिश है। ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल, एचएसबीसी, मॉर्गन स्टेनली, सीएलएसए और जेएम फाइनेंशिनेंयल का उम्मीद है कि आने वाले समय में अडानी पोर्ट्स का शेयर निवेशकों को खूब कमाई कराएगा। अदाणी पोर्ट्स अधिकतम प्राइस 1,500 रुपये दिया गया है। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल अदाणी पोर्ट पर बीयूवाय रेटिंग बनाए हुए है और इस पर 1,470 रुपये का लक्ष्य दिया गया है। अडानी पोर्ट्स के शेयर में पिछले कारोबारी सत्र में एनएसई पर यह शेयर तेजी के साथ 1,329.55 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में यह शेयर 6.42 फीसदी चढ चुका है। वहीं पिछले छह महीनों में अडानी पोर्ट्स शेयर ने निवेशकों को 50 फीसदी मुनाफा दिया है। एक साल में शेयर 90 फीसदी चढ चुका है। वहीं पांच साल में अडानी ग्रुप के इस शेयर ने निवेशको को 262 फीसदी रिटर्न दिया है। एनएसई पर 52 वीक हाई 1356.55 रुपये है और इसका एनएसई पर 52 वीक लो 571.55 रुपये है।




# वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल: विश्लेषक

**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। सप्ताह के दौरान घरेलू मोर्चे पर औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि ऊंचे मूल्यांकन से शेयर बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए थे। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण होगा। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस सप्ताह बाजार का ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगा। सप्ताह के दौरान मंगलवार को भारत और अमेरिका के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूआईपी) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होंगे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी गतिविधियां जारी रह सकती हैं। ऐसे में बड़ी कंपनियों के शेयर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। जनवरी के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और फरवरी के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को आएंगे। थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े गुरुवार को जारी किए जाएंगे। अमेरिका, चीन और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से निवेशकों को वैश्विक व्यापक आर्थिक परिदृश्य के बारे में जानकारी मिलेगी। बाजार के विश्लेषकों का अनुमान है कि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव बरकरार रहेगा। उनका कहना है कि निर्धारित वृहद आर्थिक आंकड़ों के अलावा वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन बाजार को दिशा देगा।




## यॉमाहा ने शुरु किए 300 ब्लू स्वॉयर आउटलेट

**मुंबई ।** यॉमाहा ने भारत में 300 ब्लू स्वॉयर आउटलेट खोलने की उपलब्धि हासिल कर ली है। ब्लू स्क्वायर कंपनी की हाई-लेवल डीलरशिप हैं, जो अपने ग्राहकों को एक प्रीमियम अनुभव देती हैं। यॉमाहा ने साल 2018 में कॉल आफ द ब्लू ब्रांड अभियान शुरू किया था और ब्लू स्क्वायर शोरूम उस अभियान का हिस्सा थे, जो 2019 में शुरू हुआ था। डीलरशिप में ब्लू थीम यामाहा का प्रतिनिधित्व करती है। ब्लू स्क्वायर डीलरशिप पर हाल ही में लॉन्च हुईं आर 3 और एमटी-03 बाइक्स बेची जाती हैं। भारत में 300 ब्लू स्क्वायर शोरूम में से यामाहा के दक्षिणी भारत में 129, पूर्वी भाग में 81, पश्चिमी क्षेत्र में 54 और उत्तरी भाग में 37 आउटलेट हैं।

## यूट्यूब और नेटफ्लिक्स को टक्कर देगा मस्क का एक्स टीवी ऐप

**वाशिंगटन ।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क अब गूगल के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब और ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स को टक्कर देने की तैयारी में हैं। मस्क खुद का एक स्ट्रीमिंग ऐप लांच करेंगे, जिससे आप स्मार्ट टीवी पर लंबे वीडियो देख पाएंगे। मस्क ने हाल ही में इसकी घोषणा की। दरअसल, एक एक्स यूजर ने अपने पोस्ट में लिखा कि आप जल्द ही अपने पसंदीदा एक्स लांग फॉर्म वीडियो को सीधे अपने स्मार्ट टीवी पर देख पाएंगे, जिसके जवाब में मस्क ने कमिंग सून लिखा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, लोग अपने फोन से टीवी पर वीडियो चलाने के लिए ऐपल एयरप्ले का उपयोग कर सकते हैं। इससे पहले एक्स ने आर्टिकल्स फीचर पेश किया। प्रीमियम यूजर्स और एक्स की सर्विसेज के लिए पेमेंट करने वाले अब इस प्लेटफॉर्म पर स्टाइलिस्ड टेक्स्ट, एम्बेडेड इमेज और वीडियो के साथ आर्टिकल्स पोस्ट कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक आर्टिकल एक्स पर लांच फॉर्म रिटेन कंटेंट को शेयर करने का एक नया तरीका है।




# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ बढ़ा

**- प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपए बढ़ा है। कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 38,726.67 करोड़ रुपए बढ़कर 6,77,448.44 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 13,476.16 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 7,03,393.29 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 12,243.35 करोड़ रुपए बढ़कर 10,98,707.88 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,099.76 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 7,63,581.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 1,469.81 करोड़ रुपए बढ़कर 5,15,921.57 करोड़ रुपए और टीसीएस का मूल्यांकन 1,157.79 करोड़ रुपए बढ़कर 14,87,070.15 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,127.8 करोड़ रुपए बढ़कर 5,68,753.81 करोड़ रुपए हो गया। इस रुख के`` विपरीत इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,875.81 करोड़ रुपए घटकर 6,71,121.34 करोड़ रुपए पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 15,391.94 करोड़ रुपए घटकर 20,01,358.50 करोड़ रुपए रह गई। एलआईसी के मूल्यांकन में 6,166.87 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,48,596.89 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।




# एफपीआई ने मार्च में शेयर बाजार में 6,100 करोड़ निवेश किया

**नई दिल्ली ।**

पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने मार्च में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपए का` निवेश` किया है। बाजार के जानकारों ने कहा है` कि मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपए डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। बाजार के जानकारों ने कहा` कि पिछले महीने की तुलना में मार्च में एफपीआई का रुख अधिक सकारात्मक दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है। इसके अलावा भारत की बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इस वजह से एफपीआई के बीच भारतीय शेयर बाजार का आकर्षण बना हुआ है। उन्होंने कहा` कि तीन कारणों से एफपीआई भारतीय बाजार में रुचि दिखा रहे हैं। इनमें बाजार की मजबूती और अमेरिकी में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के अलावा जीडीपी की वृद्धि दर के उम्मीद से बेहतर आंकड़े शामिल हैं। शेयरों के अलावा एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,025 करोड़ रुपए का निवेश किया है। ऋण या बॉन्ड बाजार की बात की जाए तो एफपीआई पिछले कुछ महीनों से जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करने की घोषणा से प्रभावित होकर ऋण बाजार में पैसा लगा रहे हैं। उन्होंने बॉन्ड बाजार में फरवरी में 22,419 करोड़ रुपए, जनवरी में 19,836 करोड़ रुपए, दिसंबर में 18,302 करोड़ रुपए डाले थे। कुल मिलाकर इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 18,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण बाजार में 43,280 करोड़ रुपए डाले हैं।




## रिलायंस के साथ विलय से कंपनी का मुनाफा बढ़ेगा: बॉब इगर

**वाशिंगटन ।** वॉल्ट डिज्नी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉब इगर का कहना है कि भारतीय कारोबार के विलय के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ संयुक्त उद्यम से कंपनी को लाभ होगा। उनका कहना है` कि` विलय के बाद भारतीय बाजार में कंपनी के कारोबार का खतरा कम होगा। इस सप्ताह की शुरुआत में मॉर्गन स्टेनली निवेशक सम्मेलन में इगर ने कहा कि विलय सौदे से एक बड़ी इकाई बनेगी और उसे बाजार में महत्वपूर्ण स्तर पर बने रहने में मदद मिलेगी। इगर ने कहा` कि हमें रिलायंस के साथ जुड़ने का अवसर मिला, जाहिर तौर पर यह वह कंपनी है जिसने वहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जिसका हम सम्मान करते हैं। और ऐसा करने के साथ हम एक बड़ी मीडिया कंपनी में हिस्सेदार बन गए हैं। हमारा मानना है कि, न केवल इससे हमारा लाभ बढ़ेगा, बल्कि हमारा कारोबारी जोखिम भी कम होगा। पिछले महीने वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए पक्के समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत रिलायंस और उसकी सहयोगी इकाइयों के पास संयुक्त उद्यम में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। डिज्नी के पास 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। इससे देश में बड़ी मीडिया कंपनी अस्तित्व में आएगी, जिसके पास दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और लगभग 120 टेलीविजन चैनल होंगे।

## बीते सप्ताह मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में सुधार हुआ

**- ऊंचे भाव पर लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई**

**नई दिल्ली ।**

आयातित खाने के तेलों की आपूर्ति कम होने के बीच त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन में आई गिरावट को छोड़कर लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे भाव पर लिवाली कमजोर रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई। सूत्रों ने कहा कि इस बार जो दुर्गति मूंगफली की हुई है उससे कोई अच्छा संकेत नहीं मिलता और इस बात की आशंका पैदा होती है कि कहीं इसका हाल भी सूरजमुखी जैसा न हो जाये जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) काफी बढ़ाये जाने के बाद भी किसान उत्पादन बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। जो आज मूंगफली के साथ हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है। इसका कारण यह है कि इस तेल को सीधा खाने में उपयोग किया जाता है। दूसरी बात सूरजमुखी तेल की कमी को आयात करके पूरा किया जा सकता है पर मूंगफली तेल के मामले में ऐसा करना असंभव है। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपए की तेजी के साथ 5,400-5,440 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 200 रुपए बढ़कर 10,325 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 1,745-1,845 रुपए और 1,745-1,850 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमश: 20-20 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 4,610-4,630 रुपए प्रति क्विंटल और 4,410-4,450 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमश: 225 रुपए, 375 रुपए और 325 रुपए की तेजी के साथ क्रमश: 10,700 रुपए और 10,400 रुपए और 9,125 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। महंगे दाम पर लिवाल नदारद रहने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 100 रुपए की गिरावट के साथ 5,975-6,250 रुपए क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 350 रुपए और 45 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 14,500 रुपए क्विंटल और 2,180-2,455 रुपए प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 300 रुपए की मजबूती के साथ 8,900 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## स्विगी ने बढ़त के बाद पार किया 12 बिलियन का आंकड़ा




**नई दिल्ली ।**

अमेरिका की एसेट मैनेजर बैरन कैपिटल ग्रुप ने आईपीओ-बाउंड फूड-डिलीवरी ऐप स्विगी के फेयर वैल्यू में वृद्धि की है, जिसके बाद 2022 में इसका मूल्यांकन 10.7 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से 13 फीसदी बढ़कर 12.16 बिलियन डॉलर हो गया है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की फाइलिंग में इसकी जानकारी मिली है। अमेरिका स्थित एसेट मैनेजर ने पहले जनवरी 2022 में 700 मिलियन के फंडिंग राउंड के दौरान स्विगी में निवेश किया था। 31 दिसंबर तक एसेट मैनेजर के फंड के पास स्विगी की मूल कंपनी बंडल टेक्नोलॉजीज में 87.2 मिलियन की हिस्सेदारी थी, जो 74.4 मिलियन से 17 फीसदी अधिक थी। 2022 में स्विगी ने इनवेस्को के नेतृत्व में अपने सीरीज़ के राउंड में 700 मिलियन जुटाए। इस दौर में इसका मूल्यांकन दोगुना होकर 10.7 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में जुलाई-सितंबर तिमाही में इनवेस्को ने स्विगी का वैल्यूएशन बढ़ाकर 7.85 अरब डॉलर कर दिया। एक अलग फाइलिंग में बैरन कैपिटल ने कहा कि स्विगी भारतीय फूड डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में लगभग 45 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखती है। बेंगलूरु की यह कंपनी इसी साल शेयर बाजार में कदम रखना चाहती है और आईपीओ के जरिये 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दरख्वास्त डालेगी। कंपनी का इरादा आईपीओ में 10-11 अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का है। स्विगी ने आईपीओ की योजना पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। मगर मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले चरणों में जुटाई गई रकम में से कंपनी के पास तकरीबन 80 करोड़ डॉलर की नकदी रखी हुई है।

## फ्रांसीसी कंपनी से सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में देरी को लेकर रीजीजू हुए निराश

**- पिछले साल कंपनी से 10 करोड़ डॉलर के दो सुपरकम्प्यूटर खरीदने का फैसला किया था**

**नई दिल्ली ।**

पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू फ्रांस की एक कंपनी द्वारा भारतीय मौसम पूर्वानुमान संस्थानों को दो सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में देरी को लेकर निराश हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि फ्रांस सरकार इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कदम उठाएगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अपने संस्थानों राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) और भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) की कम्प्यूटिंग क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए पिछले साल फ्रांस की कंपनी एविडेन से 10 करोड़ डॉलर के दो सुपरकम्प्यूटर खरीदने का फैसला किया था। रीजीजू ने एक साक्षात्कार में कहा` कि मैं इसलिए ज्यादा निराश हूं क्योंकि हमने दिसंबर का लक्ष्य तय किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले ही सुपरकम्प्यूटर खरीदने को मंजूरी दे दी थी। हमारे पास मौसम की सटीक भविष्यवाणी के लिए केवल चार पेटाफ्लॉप हैं। हम 18 पेटाफ्लॉप की क्षमता स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि फ्रांसीसी कंपनी कुछ वित्तीय संकट में फंस गयी थी और चाहती थी कि सरकार उसकी सहायक कंपनी को कुछ भुगतान करे। रीजीजू ने बताया कि इस देरी ने उन्हें काफी चिंतित कर दिया है क्योंकि कंपनी की समयसीमा बीत गयी है। लेकिन मुझे लगता है कि हम इसे जल्द ही हल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कानूनी रूप से सही कदम उठाना चाहती है। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं क्योंकि हम तुरंत यह मशीन चाहते हैं। दिक्कत यह है कि धनराशि कोई छोटी नहीं है। इसलिए अगर हम अभी भुगतान करते हैं और यदि कंपनी दिवालिया हो गयी या कुछ होता है तो कौन बचाएगा। रीजीजू ने कहा कि सरकार सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कुछ कदम उठा रही है लेकिन उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि फ्रांस सरकार भी हस्तक्षेप करेगी क्योंकि हमारे बीच अच्छी समझ है और फ्रांस सरकार से बहुत अच्छे रिश्ते हैं।



## पेट्रोल-डीजल लोगों को सस्ता देने पर सरकार को 2 करोड़ का घाटा: हरदीप पुरी

**- पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार ने जो कदम उठाए, उस वजह से सरकारी खजाने को नुकसान तक उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से नवंबर 2021 से मई 2022 तक सरकारी खजाने को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही। गौरतलब है कि उपरोक्त दी गई अवधि के दौरान पेट्रोल की एक्साइज ड्यूटी में 13 रुपये और डीजल में 16 रुपये की कटौती की गई थी। दरअसल, जब केंद्रीय मंत्री पुरी से सवाल किया गया कि क्या भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती दिखेगी तब उन्होंने एक्साइज ड्यूटी मे कमी वाली बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती भू-राजनीतिक परिस्थितियों और कच्चे तेल की कीमतों पर निर्भर करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर वैश्विक परिस्थितियां और कच्चे तेल की कीमत स्थिर रहती हैं, तब ही इस फैसले पर विचार किया जा सकता है। हालांकि वैश्विक संघर्ष इन फैसलों पर असर डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण परेशानी हुई क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। प्रतिबंधों के खतरे के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद को बढ़ा दिया। हरदीप पुरी ने बताया कि जून 2020 से जून 2022 तक एलपीजी की कीमतों को संभालने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमतें 300 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ गई थीं तब भारत ने इसका पूरा बोझ ग्राहकों पर ट्रांसफर नहीं किया।



# आदित्य धर बनाएंगे नई एक्शन थ्रिलर फिल्म, रणवीर सिंह से मिलाया है हाथ

**फिल्म 'उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में उनकी पहली चॉइस कोई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म के लिए उन्हें हीरो मिल गया है। अब देखना यह बाकी है कि इस हीरो के साथ मिलकर आदित्य की फिल्म दर्शकों के लिए क्या नया लेकर आती है।**

### रणवीर दिखेंगे नए अवतार में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य धर की इस एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाने वाले हैं। इसे लेकर आदित्य और रणवीर के बीच बातचीत चल रही है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि भारतीय खुफिया एजेंसियों पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर का एकदम अलग अवतार नजर आएगा। इस फिल्म पर साथ काम करने के सिलसिले में रणवीर और आदित्य की चार-पांच बार मुलाकात भी हो चुकी है। ये मुलाकातें पिछले 3 हफ्तों में हुई हैं। बस फिल्म साइन करने को लेकर कागजी कार्रवाई की जानी बाकी है।

### रणवीर को पसंद आई स्क्रिप्ट

ऐसा लगता है कि रणवीर भी पिछले कई दिनों से एक अच्छी फिल्म हाथ लगने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में जब यह प्रस्ताव उन्हें मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया। रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य के कहने पर उन्होंने एक बार में हां कह दिया। पहली मीटिंग में आदित्य ने उन्हें फिल्म की सारी कहानी बता दी थी, जिसे सुनकर रणवीर को यह बहुत पसंद आई। रणवीर ने तो अपनी टीम को आदित्य की इस फिल्म के लिए अपनी तारीखें बुक करने को भी कह दिया है।

### आगे खिसकेंगी रणवीर की दूसरी फिल्में!

रणवीर आदित्य की इस फिल्म पर आगामी मई से काम शुरू कर पाएंगे। ऐसे में रणवीर की फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग आगे खिसक सकती है। ऐसा हुआ, तो वह इसे अगस्त 2024 तक ही शुरू कर पाएंगे। इसके बाद अगले साल वह शक्तिमान की शूटिंग भी शुरू करेंगे। गौरतलब है कि रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही सिंघम अगेन है।



# मैं खुद को पॉजिटिव रखने पर विश्वास करती हूं



**रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।**

रसिका ने कहा- हर वक्त आप कुछ बेहतर चाहते हैं। ये चाह भी बहुत जरूरी है। जिंदगी का वसूल है कि हम जिस समय जो चाहते हैं, वो नहीं मिलता है। एक गैप हमेशा रहता है। आप पर निर्भर करता है कि आप उस गैप को कैसे देखते हैं। हम सब काफी मीटिंग और ऑडिशन दिया करते थे। कई दफा लोग बहुत इज्जत देते थे और कई बार लोग दोबारा मिलते ही नहीं थे। ऐसा भी होता था कि 3 घंटे तक हम अंधेरी के श्रीजी रेस्टोरेंट के बाहर लाइन लगा कर खड़े रहते थे। हां, कई बार मायूसी भी होती थी। लेकिन उस समय खुद को यही याद दिलाती थी कि मैं अकेली नहीं हूं। मुझे याद है कि एक फिल्म के लिए मैंने काफी कोशिश की थी। लेकिन मुझे वो फिल्म नहीं मिली थी। उस दौरान मैं काफी मायूस हो गई थी। हालांकि मेरी दोस्त एडिटर थी, वो भी काफी परेशान थी। हम दोनों एक-दूसरे को चीयर अप किया करते थे।

### रियल लाइफ में मैं बहुत इमोशनल हूं

रसिका ने अपना इमोशनल साइड बताते हुए कहा- मैं फिल्में देखकर रोने लगती हूं। मैं उस तरह की ऑडियंस हूं जो फिल्में देखकर बहुत हंसती है, या बहुत रोती है। सच कहूं तो स्ट्रगल के समय मैं बहुत रोई हूं। मुझे लगता है एक्सप्रेसिव होना बहुत जरूरी भी है। मैं मानती हूं- कोई भी फीलिंग हो, उसे पूरी तरह से महसूस करना और जाहिर करना अच्छा होता है।

### मझे ऑडिशन देने में कोई प्रॉब्लेम नहीं है

रसिका ने थोड़ा टीवी भी किया है। उन्होंने यशराज का एक प्रोजेक्ट किया था, जिसमें उनके साथ पंकज त्रिपाठी थे। रसिका से ओटीटी के बारे में भी बात हुई। उन्होंने कहा- हालांकि जब ओटीटी आया और मिर्जापुर रिलीज हुई, तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस कदर मुझे इस रोल के लिए तारीफ मिलेगी। रसिका ने ऑडिशन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा- एक डायरेक्टर के लिए ये जानना बहुत जरूरी होता है कि एक्टर मेरे किरदार पर फिट हो पा रहा है या नहीं। एक्टर-डायरेक्टर के लिए ऑडिशन अच्छा रहता है।

### मैं दिल्ली क्राइम के किरदार में खुद को देखती हूं

रसिका ने अपने किरदारों को निभाने के बारे में कहा- आप अपनी उतनी ही छाप छोड़ सकते हैं, जितना स्क्रिप्ट में आपका किरदार लिखा गया हो। फिर चाहे मैं मिर्जापुर की बात करूं या फिर दिल्ली क्राइम की। दिल्ली क्राइम की नीति सिंह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद को उस किरदार में देखती हूं। रसिका ने किसी कॉमेडी फिल्म में लीड रोल करने की ख्वाहिश भी जताई। रसिका को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये लगती है कि यहां सबके लिए काम है। उन्होंने कहा- हमारे देश में इतने बड़े लेवल पर फिल्में बनती हैं। कितने ऐसे भी देश हैं, जहां फिल्में बनती ही नहीं हैं। मुझे एक्सपेरिमेंट करना बहुत अच्छा लगता है। ओटीटी के आने से राइटिंग को वो अहमियत मिली, जो कहीं खो गई थी।

# नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया सरन



बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं।



# महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक

महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

# 5 साल बाद टीवी पर कमबैक को लेकर उत्साहित हैं दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने हाल ही में सीरियल मंगल लक्ष्मी से टेलीविजन पर अपना कमबैक किया। शो में दीपिका एक मजबूत लेकिन रिजर्व्ड होममेकर के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मानें तो ये किरदार उनके द्वारा निभाए गए अब तक के किरदारों से काफी अलग है।

### ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है

बातचीत के दौरान, दीपिका कहती हैं, मैं चैनल को धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ पर इस शो के लिए विश्वास किया। मैंने अब तक जो भी काम किया, उससे ये बहुत ही अलग है। अब तक मैंने स्क्रीन पर एक स्ट्रॉन्ग वीमेन के रोल निभाए हैं। इस शो में भी मेरा किरदार अपने तरीके से स्ट्रॉन्ग है। वह अपनी फैमिली की बैकबोन है। लेकिन, वह कभी अपने किए काम के क्रेडिट की डिमांड नहीं करती। मेरा ये किरदार पूरी तरह से सेल्फलेस है। वैसे, इस किरदार के लिए मैंने अपने ऊपर भी काम किया है। रियल लाइफ में मैं सेल्फलेस बनने की राह पर हूं। मुझे लगता है कि ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है।

### मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं

5 साल बाद टीवी पर वापसी के सवाल पर, अभिनेत्री ने कहा कि इस दौरान वे अपने डांस के पैशन को एक्स्प्लोर कर रही थीं। उन्होंने कहा, दरअसल, एक्टर के अलावा मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं। इस ब्रेक के दौरान, मैंने अपनी क्लासिकल डांस की पढ़ाई पूरी की। मैंने क्लासिकल डांस की विद्या ली। इसकी भी बोर्ड एग्जाम की तरह परीक्षा होती है।

### मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया

बता दें, साल 2022 में दीपिका ने फिल्म टीटू अंबानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। दोनों प्लेटफार्म पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने आगे कहा, हर प्लेटफार्म का काम करने का तरीका अलग हो सकता है। मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया है। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया उन्होंने आगे कहा, फिल्म में आपको कम दिन के लिए शूटिंग करनी होती है। लेकिन, उसकी तैयारी कई महीने पहले से शुरू हो जाती है। बैकएंड पर बहुत काम होता है। कई बार तो 6-7 महीने वर्कशॉप, रीडिंग में लग जाते हैं। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया। फाइनली मंगल लक्ष्मी जैसा शो आया। सोचा ये तो जरूर करना चाहिए क्योंकि ये बहुत सुंदर स्टोरी है। मेरी ऑडियंस मुझे इसमें बहुत पसंद करेगी।



# गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ोर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

**बॉलीवुड के प्रशंसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।**

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है। क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है। शो की मेजबानी करने के अलावा, शान से किशोर कुमार के जीवन और करियर के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने की उम्मीद की जाती है। रेडियो पर क्रेजी फॉर किशोर एक ऐसा शो है जो हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है.. मैंने हमेशा गुप्त रूप से आशा और कामना की है कि मैं इस शो का हिस्सा बन सकूं.. इसलिए जब सीज़न की पेशकश मेरे पास आई.. तो मैंने इसे दोनों के साथ स्वीकार कर लिया। हाथ. रेडियो नशा में रोहिणी और उनकी टीम इस संपत्ति के प्रति बेहद अनुभवी और समर्पित है और बेहद उत्साहजनक भी है। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला और वास्तव में मुझे जल्दी से आरजे टोपी पहनने में मदद मिली। और बिल्कुल, जब एकमात्र किशोर कुमार के बारे में बात करने की बात आती है.. मैं उनकी आवाज, उनके व्यक्तित्व, उनकी निजी कहानियों के बारे में बात करता रह सकता हूं, आज के संगीत और गायकों पर उनका प्रभाव है। कुल मिलाकर मैं क्रेज़ी फ़ॉर किशोर, का बिल्कुल नया होस्ट बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह शो फीवर पर भी प्रसारित किया जाएगा, जिसने हाल ही में खुद को नए लुक और पोजिशनिंग के साथ नया रूप दिया है। श्रोताओं को शो फीवर एफएम स्टेशन पर सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे तक और रेडियो नशा पर सोमवार से शुक्रवार क्रमशः सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और रात 10-11 बजे तक सुनने को मिलेगा।

